## Headline

1. IND W vs SL W: श्रीलंका से स्वर्ण पदक के मैच में भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी, हरमनप्रीत की वापसी
2. बंगाल: 'सीएम सैलरी नहीं लेती तो स्पेन के लग्जरी होटल में कैसे ठहरीं', ममता बनर्जी के दौरे पर कांग्रेस का सवाल
3. कुरुक्षेत्र: मोदी के जेंडर जस्टिस बनाम राहुल के सोशल जस्टिस के बीच होगी चुनावी लड़ाई
4. एनसीपी: पार्टी पर दावेदारी को लेकर बोले अजित- चुनाव आयोग का होगा अंतिम फैसला
5. फिर शर्मसार हुआ कनाडा!: संसद में हिटलर समर्थक पूर्व सैनिक को किया गया सम्मानित, अब स्पीकर ने मांगी माफी
6. दिल्ली: DUSU के नए अध्यक्ष का DMK नेता पर निशाना, कहा- स्टालिन जैसे लोगों को जुबान पर नियंत्रण रखना चाहिए
7. मुंबई: हाथ काट के हाथ में दे दूंगी...! महिला बाइकर ने बांद्रा सी लिंक पर पुलिसकर्मी से की बदतमीजी


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 80 | इंदौर, सोमवार 25 सितंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## कांग्रेस को जरूरत है...

# भाजपा के गढ़ों को ढहाने वाले नेताओं की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विधानसभा चुनाव में अब 100 दिन भी मुश्किल से बचे होंगे, लेकिन दोनों पार्टियों के लिए पराजय वाली सीटें सिरदर्द बनी हुई है। पिछले चुनाव में भाजपा को 103 सीटों पर पराजय मिली थी, जबकि कांग्रेस प्रदेश की उन 66 सीटों पर जीत हासिल करने का प्रयास कर रही है जो सालों से भाजपा के पास है। इसमें इंदौर की भी तीन सीटें शामिल है। जहां तक इंदौर का सवाल है तो यहां पर कांग्रेस की स्थिति जरा भी मजबूत नहीं दिख रही है, जो आंकड़े सामने आए है उसके मुताबिक विधानसभा - 2 में 30 साल, विधानसभा - 4 में 33 साल तथा विधानसभा - 5 में 20 साल से कांग्रेस को जीत नहीं मिली है। इस चुनाव में कांग्रेस यहीं प्रयास कर रही है इस बार भाजपा की इन तीनों सीटों को ढहा दिया जाए । 150 सीटों के साथ सरकार बनाने का सपना देख रही कांग्रेस को सत्ता तक पहुंचने के लिए काफी जोर लगाना पड़ेगा। आज की स्थिति में कांग्रेस के पास ऐसा कोई दमदार नेता नहीं है जो भाजपा के गढ़ वाले क्षेत्र में डंके के साथ जीत हासिल कर ले। विधानसभा एक को छोड़कर कांग्रेस के पास किसी भी विधानसभा के लिए कोई प्रबल दावेदार नजर नहीं आ रहा है।

### ◆ 15 अक्टूबर के बाद हो सकता है प्रियंका का रोड शो

**कांग्रेस की स्टार प्रचारक**

प्रियंका गांधी चुनाव प्रचार का माहौल बनाने के लिए जल्द ही मप्र का शुरू करने जा रही है। प्रारम्भिक जानकारी के मुताबिक प्रियंका 15 से अक्टूबर के बीच इंदौर आएंगी। वे यहाँ पर आम सभा को सम्बोधित करने से पहले शहर में कांग्रेस प्रत्याशियों का माहौल बनाने के लिए रोड शो करेंगी। सभा और रोड शो के सन्दर्भ में प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर चुके है। बताया गया है की अगली बैठक में प्रियंका की सभा की तिथि व रुट फायनल होगा। हालांकि इसकी तिथि अभी तय नहीं है।माना जा रहा है कि 15 से 17 अक्टूबर के बीच इंदौर में उनकी सभा हो सकती है। बताया गया है की पिछले दिनों भोपाल में हुई बैठक में शहर कांग्रेस कमेटी ने सुरजेवाला के समक्ष बड़ा गणपति से राजवाड़ा वाले हिस्से में प्रियंका का रोड शो का रूट रखा था । फिलहाल ये प्रस्तावित योजना है।



**ये है शहरी विधानसभा सीटों का सफरनामा**

विधानसभा 1 कांग्रेस और भाजपा ने 5 चुनाव जीते, संजय शुक्ला ने दो चुनाव लड़े और एक जीत एक हारा, भाजपा के सुदर्शन गुप्ता ने भी तीन चुनाव लड़े, दो जीते, एक हारा, ललित जैन ने तीन चुनाव लड़े दो जीते एक हारा, रामलाल यादव ने दो चुनाव लड़े एक जीत एक हारा तथा इसी विधानसभा से चुनाव जीतकर उषा ठाकुर पहली बार विधायक बनी

विधानसभा 2 - 1952 में पहली मर्तबा चुनाव हुए । तब लेकर 90 तक विधानसभा क्षेत्र क्रमांक दो में कांग्रेस लगातार जीतती रही, 1990 में आखिरीबार कांग्रेस से सुरेश सेठ चुनाव जीते थे। उन्होंने विष्णुप्रसाद शुक्ला को 1200 वोटों से पराजित किया था। 1993 में शहर कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर रहते हुए पंडित कृपाशंकर शुक्ला को कैलाश विजयवर्गीय ने 20883 वोटों से पराजित किया था। 30 साल गुजर गए लेकिन कांग्रेस आज तक यहां से नहीं जीती।

विधानसभा 3 - कांग्रेस 4 तथा भाजपा ने 5 बार चुनाव जीते, कांग्रेस के अश्विन जोशी ने 5 चुनाव लड़े जिसमे से 3 जीते 2 हारे, गोपी नेमा ने चार चुनाव लड़े, इसमें दो हारे और दो जीते। उषा ठाकुर चुनाव जीतकर दूसरी बार विधायक व मंत्री बनी तथा आकाश विजयवर्गीय ने पहली बार में ही चुनाव जीतकर विधायक बनने का सौभाग्य प्राप्त किया।

विधानसभा 4- 1985 में कांग्रेस के नंदलाल माटा ने भाजपा के श्रीवल्लभ शर्मा को 5500 वोटो से पराजित किया था। इसके बाद इंदौर चार से हमेशा भाजपा का झंडा लहराता रहा। भाजपा की लगातार जीत ने इंदौर - 4 को बना दिया मिनी अयोध्या। 2018 में शहर अध्यक्ष सुरजीत चड्ढ़ा को भाजपा की मालिनी गोड ने 30 से भी ज्यादा वोटो से हराया था। 33 साल से कांग्रेस इंदौर चार की सीट जीतने का सपना देख रही है।

विधानसभा 5 - 2003 से कांग्रेस की हार का सिलसिला प्रारंभ हुआ। भाजपा के महेंद्र हार्डिया ने कांग्रेस की श्रीमती शोभा ओझा को 22000 मतों से पराजित किया था। इसके बाद से ही कांग्रेस लगातार हारती रही। 20 साल से कांग्रेस यहाँ जीत की तलाश में है।

# विधानसभा चुनाव की तैयारी ने जोर पकड़ा

## आयोग ने सरकारी अधिकारियों - कर्मचारियों की छुट्टी पर रोक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव की इंदौर में चल रही तैयारी ने जोर पकड़ लिया है। इसके तहत अब सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टी पर रोक लगा दी गई है।**

चुनाव आयोग की ओर से मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की अभी घोषणा नहीं की गई है। इसके साथ ही चुनाव आचार संहिता भी अभी लागू नहीं की गई है। इन दोनों कदम को उठाने से पहले की जाने वाली चुनाव की तैयारी चल रही है। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन करते हुए मतदाताओं के नाम जोड़ने और घटाने का कार्य किया गया है। अब इसके आगे की प्रक्रिया शुरू की जाना है ।

### आगामी आदेश तक लागू रहेगा

इसी बीच जिला निर्वाचन अधिकारी इलैया राजा के द्वारा कल एक आदेश जारी किया गया है। इस आदेश में कहा गया है कि विधानसभा निर्वाचन-2023 हेतु निर्वाचन कार्य संपादन के लिए अधिकारी व कर्मचारियों की आवश्यकता को देखते हुए इंदौर जिले के समस्त शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों के लिये आगामी आदेश तक समस्त प्रकार के आकस्मिक एवं अर्जित अवकाश प्रतिबंधित किये जाते है। किसी भी अधिकारी, कर्मचारी को 2 दिवस मे अधिक का आकस्मिक अवकाश अथवा अन्य अवकाश स्वीकृत किये जाने हेतु कार्यालय प्रमुख अपनी अनुशंसा सहित प्रस्ताव अधिकारी कार्मिक प्रबंधन को प्रेषित करेंगे तथा उनसे अनुमति प्राप्त कर कार्यालय प्रमुख अवकाश की स्वीकृति प्रदान करेंगे।

### मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य

इस आदेश में यह भी कहा गया है कि चिकित्सा, मेडिकल काम हेतु संबंधित शासकीय सेवक को मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निर्वाचन कार्यालय कार्मिक प्रबंधन शाखा में निर्वाचन कार्य से मुक्ति हेतु प्रमुख के स्पष्ट अभिमत भेजे जायें। निर्वाचन से संबंधित आदेश डाक प्राप्त करने हेतु समस्त शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय कार्यालय अवकाश दिवन में भी खुले रखे जायें एवं कार्यालय प्रमुख संबंधित आदेश डाक प्राप्त एवं समय-सीमा में वितरित कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

# निगम की एमआईसी की बैठक में दो ही अधिकारी पहुंचे

## एजेंडा में निगम से संबंधित कोई भी काम नहीं होने से अधिकारियों ने बनाई दूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । इंदौर नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की कल आयोजित की गई बैठक में दो ही अधिकारी पहुंचे। इस बैठक की कार्य सूची में नगर निगम से संबंधित कोई भी काम नहीं होने के कारण अधिकारियों ने बैठक से दूरी बना ली।**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा कल नगर निगम के मुख्यालय में महापौर परिषद की बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक के लिए आधिकारिक तौर पर तो कोई कार्य सूची जारी नहीं की गई थी। बैठक के लिए जो विषय रखे गए थे उसमें महिला आरक्षण विधेयक लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया जाना था। इसके अलावा दूसरे विषय के रूप में इंदौर में अब देश का नाम इंडिया की जगह भारत लिखकर उसका उपयोग किए जाने का प्रस्ताव रखा गया था। इन दो प्रस्ताव के लिए ही यह बैठक आयोजित की गई थी।

इस बैठक में नगर निगम के कार्यों से संबंधित कोई भी प्रस्ताव नहीं रखा गया था। ऐसे में इस मेयर इन काउंसिल की बैठक में नगर निगम का एक भी अधिकारी नहीं पहुंचा। इस बैठक में अधिकारी के रूप में अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर और निगम के सचिव राजेंद्र गरौठिया ही पहुंचे। इन दो अधिकारियों के अतिरिक्त कोई भी अधिकारी इस बैठक में भाग लेने के लिए नहीं पहुंचा। हमेशा महापौर परिषद की बैठक में सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी शामिल होते हैं। नगर निगम आयुक्त खुद भी इस बैठक में मौजूद रहती हैं। कल की बैठक में निगमायुक्त भी नहीं पहुंची ।

**मुख्यालय के नए भवन के निर्माण का निरीक्षण-** यह बैठक होने के बाद महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने महापौर परिषद के अन्य सदस्यों के साथ नगर निगम के मुख्यालय में निर्माण आदि नए भवन का निरीक्षण किया । उन्होंने भगवान के कामकाज की प्रगति को देखा इसी भवन में निगम परिषद का नया हाल भी बनाया जा रहा है । इस सभागृह के निर्माण कार्य को भी देखा गया । धीमी गति से कम करने के लिए ठेकेदार एजेंसी को फटकार लगाई गई । इसके साथ ही 3 महीने के अंदर सभागृह के कार्य को पूरा कर लेने के निर्देश दिए गए । ठेकेदार एजेंसी को यह चेतावनी दी गई है कि यह अंतिम बार समय सीमा बढ़ाई जा रही है । इसके बाद समय सीमा नहीं बढ़ाई जाएगी । इस समय सीमा के अंदर काम पूरा करके दिखा दें ।

# विधायक लेकर गए थे हालात दिखाने, जनता ने बताया गुस्सा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। श्रमिक क्षेत्र में दौरे पर पहुंचे नगर निगम के अधिकारियों के सामने वहां रहने वाले लोगों ने गंदे पानी की बाल्टी लाकर रख दी। इन अधिकारियों को क्षेत्र के विधायक हालत दिखाने के लिए ले गए थे तो लोगों ने जमकर गुस्सा दिखाया।

अपनी ही पार्टी में विरोध का सामना कर रहे विधायक महेंद्र हार्डिया नगर निगम के नर्मदा परियोजना के प्रभारी अधिकारी संजीव श्रीवास्तव को लेकर सोमनाथ की जुनी चाल में पहुंचे थे । वहां पर पानी के संकट की स्थिति बताने के लिए वे इन अधिकारियों को ले गए थे । वहां पर लोगों ने इन अधिकारियों के सामने अपने घर में नल से आए गंदे पानी की बाल्टी लाकर रख दी।

इसके बाद लोगों ने इन अधिकारियों से कहा कि क्या यह पानी पीने के लायक है । क्या इस पानी को आप पी सकते हो । इसके बाद लोगों ने बताया कि पिछले कई महीनो से लगातार इस क्षेत्र में नलों से गंदा पानी आ रहा है । लगातार नगर निगम में शिकायत कर रहे हैं लेकिन शिकायत सुनने वाला कोई नहीं है । कल भी अधिकारी केवल यही कहते रहे की ठीक है दिखवाते हैं । इस समस्या का समाधान करवाते हैं । इसके अलावा कोई दमदार बात नहीं कह सके।

कटाक्ष




# एमपी पीएससी परीक्षाओं का शेड्यूल जारी

## कई परीक्षाएं समय से एक से डेढ़ साल पीछे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपी पीएससी) ने आगामी परीक्षाओं को लेकर शेड्यूल जारी कर दिया है। एक दर्जन प्रारंभिक व मुख्य सहित वन सेवा, सहायक प्राध्यापक, सहायक संचालक ग्रामोद्योग परीक्षाएं सालभर के भीतर करवाई जाएंगी। परीक्षाएं आठ अक्टूबर से शुरू होंगी। प्रत्येक जिले में परीक्षा से जुड़ी तैयारी चल रही है। सरकारी और निजी कालेजों को केंद्र बनाया जाएगा।

8 अक्टूबर 2023 से लेकर 17 नवंबर 2024 के बीच ये सारी परीक्षा रखी गई हैं। खास बात यह है कि कई परीक्षाएं समय से एक से डेढ़ साल पीछे चल रही हैं। अधिकारियों के मुताबिक जल्द ही इन परीक्षाओं को लेकर अधिसूचना निकालेंगे। उसके आधार पर अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे जाएंगे।

### ◆ ये है परीक्षा का शेड्यूल

राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा-2022: 8 अक्टूबर 2023

राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2022 : 30 अक्टूबर से 4 नवंबर 2023

राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2022 : 10 दिसंबर 2023

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 : 17 दिसंबर 2023

सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2022 : 28 जनवरी 2024

कराधान सहायक परीक्षा-2022 : 25 फरवरी 2024

राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2023 : 11 से 16 मार्च 2024

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 : 28 अप्रैल 2024

सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2022: 26 मई 2024

सहायक संचालक ग्रामोद्योग 2023 : 16 जून 2024

राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2024 : 22 से 27 जुलाई 2024

खनिज अधिकारी व सहायक 2023 : 25 अगस्त 2024

सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2022 : 17 नवंबर 2024

# वयोश्री योजना में उपकरण पाकर खुश हुए वृद्धजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आज देश के 74 शहरों में वयोश्री योजना के अंतर्गत चिन्हित वृद्धजनों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरणों का वितरण शिविर आयोजित किया गया। इंदौर जिले में सांसद श्री शंकर लालवानी की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन सांसद कार्यालय पर संपन्न हुआ। आयोजित शिविर में कुल 302 हितग्राहियों को 1144 प्रकार की सामग्री जैसे चश्मे, वाकर, व्हीलचेयर, कमोड व्हीलचेयर, डिजिटल हियरिंग ऐड, स्टिक, बेशाखी आदि वितरित किये गये। वितरित की गई सामग्री की कुल लागत 12 लाख 45 हजार रुपए है। वरिष्ठजन उपकरण पाकर बेहद खुश हुए। प्रधानमंत्री जी की फोटो के सेल्फी पॉइंट पर जाकर फोटो ली। सामग्री का वितरण एलिम्को कंपनी उज्जैन के सहयोग से सामाजिक न्याय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग इंदौर द्वारा करवाया गया। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय, डीडीआरसी की टीम, एलिम्को उज्जैन से श्री बंशीलाल साकेत, सुश्री नेहा अग्निहोत्री आदि उपस्थित थे।

# आईडीए ने झांकियों के लिए सहायता राशि एक लाख रुपए बढ़ाई

## आईडीए ने झाकियों के लिए प्रत्येक मिल को दिए 3 लाख रु.

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। प्राधिकरण द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार बंद कपड़ा मिलों के सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति यो को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस बार 5 कपड़ा मिलों कल्याण मिल राजकुमार मिल, हुकम चंद मिल, स्वदेशी मिल एवं मालवा मिल को पूर्व निर्धारित राशि रुपए 2 लाख से बढ़ाकर रुपये 3 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह सहायता राशि उनकी सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति के पदाधिकारीयो, कल्याण मिल के हरनाम सिंह धारीवाल, हुकुमचंद मिल के श्री नरेंद्र श्री वंश, राजकुमार मिल के श्री कैलाश सिंह ठाकुर, स्वदेशी मिल् के श्री कन्हैया लाल मरमट और मालवा मिल के श्री कैलाश कुशवाहा को सोपी गई।

आईडीए के चेअरमेन जयपाल चावड़ा ने बताया कि राशि देने का उद्देश्य शहर की संस्कृतिक परंपरा जीवित रखना है, ताकि इतने जीवंत शहर कि आगामी पीढ़ी अपनी संस्कृति को सदियों तक याद कर सके आपने यह भी कहा कि संभव होगा तो अगले वर्ष यह राशि और बढ़कर दिए जाने की कोशिश की जावेगी। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष श्री राकेश गोलू शुक्ला एवं मुख्य कार्यपालिक अधिकारी श्री आर पी अहिरवार सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे! कार्यक्रम के पश्चात अखाड़े के प्रतिनिधियों द्वारा ज्ञापन सौंप कर मांग की गई थी अखाड़े की पुरातन कला और शस्त्र कला को भी जीवित रखने हेतु आवश्यक आर्थिक मदद प्राधिकरण को देना चाहिए। अध्यक्ष श्री चावड़ा ने उनकी मांग पर चर्चा करते हुए कहा कि आपकी मांग जायज है, आप लोगों के लिए भी आगामी वर्ष में आर्थिक मदद देने हेतु विचार विमर्श कर उचित निर्णय लिया जावेगा ।

## नगर निगम आज से कई झोनलों पर पुरानी हल्ला गाडिय़ां हटाकर नई गाडिय़ां देगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नगर निगम आज से कई झोनलों पर पुरानी हल्ला गाडिय़ां हटाकर नई गाडिय़ां देगा। इनमें कई गाडिय़ां ऐसी खस्ताहाल हो चुकी थी कि पूरे महीने में सात से आठ बार वर्कशाप विभाग में सुधार के लिए भेजा जाता था। 22 गाडिय़ां कल मिली हैं और आने वाले दिनों में 25 गाडिय़ां और मिलने की उम्मीद है। नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक कई वार्ड बड़े होने के कारण वहां हल्ला गाडिय़ों को अधिक फेरे लगाने पड़ते हैं और ऐसे में कई हल्ला गाडिय़ां काफी पुरानी होने के कारण बार-बार खराब हो रही थीं, जिससे कचरा एकत्रित करने में दिक्कतें आ रही थीं। बिलावली झोन, हरसिद्धि झोन, राजमोहल्ला झोन, किला मैदान, सुभाष नगर सहित कई अन्य झोनों के अंतर्गत कुछ बड़े वार्ड हैं। अब खस्ताहाल हल्ला गाडिय़ों को बदलने का काम आज से शुरू होगा। 22 गाडिय़ां झोनों पर आवंटित की जाएंगी और पुरानी गाडिय़ां वर्कशाप में मंगवाई जाएंगी। 15 साल पुरानी करीब 70 से ज्यादा गाडियां निगम खटारा घोषित कर ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचा चुका है। इसके अलावा वर्षों पुरानी 130 से ज्यादा गाडिय़ां पहले से ही वहां खड़ी हैं। इन सब गाडिय़ो को आने वाले दिनों में नीलाम किए जाने की तैयारी है।



# ऑनलाइन गेम में 10 साल के बच्चे से ठगी

## दादी के खाते से ट्रांसफर किए 1.65 लाख रुपए, पटाखे लेने गया तो मां को चला पता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर। ऑनलाइन मोबाइल गेम के जाल में फंसे छात्र से 1.65 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। आरोपी उससे कभी गेम की आईडी तो कभी अन्य लालच देकर रुपए ट्रांसफर कराते रहे। छात्र ने भी दादी के बैंक खाते से फोन पे के माध्यम से रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करता रहा। परिवार वालों को जानकारी लगी तो उन्होंने कैंट थाने पहुंचकर शुक्रवार की रात शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। परिवार वालों ने जिन खातों में पैसा ट्रांसफर हुआ है, उक्त खातों की डिटेल पुलिस को दी है।**

जानकारी के अनुसार, 10 साल का बालक निवासी सदर कक्षा 6वीं की पढ़ाई कर रहा है। उसके दोस्तों ने उसे ऑनलाइन गेम खेलने के लिए कहा। जिसके बाद वह फ्री फायर गेम खेलने लगा। इसी दौरान ठगों ने उसे जाल में फंसाकर रुपए मांगे। रुपए मांगने पर छात्र ने अपनी दादी के बैंक खाते से फोन-पे के माध्यम से 1.65 लाख रुपए अलग-अलग दिन ट्रांसफर कर दिए। इसी बीच बालक सदर क्षेत्र की पटाखा दुकान पर पटाखे लेने गया। दो हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए। संदेह होने पर पटाखे वाले ने बालक की मां को बताया। इसके बाद मां ने मामले की जानकारी निकाली तो ठगी उजागर हुई। बेटे से पूछताछ की तो उसने पैसे ट्रांसफर करने वालों के नाम बताए। उनमें से परिवार के लोग कुछ लोगों से मिले तो किसी ने गेम की आईडी देने के बदले रुपए लेने की बात कही तो किसी ने पैसे लेने से इनकार कर दिया। मामले में परिवार वालों ने कैंट थाने पहुंचकर शिकायत की।

**मामले की जांच की जा रही है:थाना प्रभारी-** कैंट थाना प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि 10 वर्षीय बालक ने दोस्तों के कहने पर ऑनलाइन गेम खेला और दादी के खाते से करीब डेढ़ लाख रुपए ट्रांसफर किए हैं। कुछ लोगों के नाम सामने आए हैं। प्रकरण की जांच की जा रही है। जांच में साक्ष्यों के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## गायों को लगने वाले इंजेक्शन में फंगस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट **भोपाल।** लंपी संक्रमण के बीच पशुपालन विभाग गायों और मवेशियों के लिए जिन दवाओं का इस्तेमाल कर रहा है, उनकी गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। एंटीबायोटिक के तौर पर इस्तेमाल होने वाले इंजेक्शन के वायल में फंगस जैसे सफेद कण नजर आ रहे हैं। टैबलेट्स के एक बैच में 10 गोलियों की पैक स्ट्रिप में एक भी टैबलेट नहीं है। कई अन्य दवाओं के कंपाउंड गलत हैं। ऐसे में कई वेटरनरी डॉक्टरों ने ये दवाएं लिखना बंद कर दिया है। सूत्रों के मुतबिक हाल ही में विभागीय बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों के सामने इन दवाओं की क्वालिटी पर सवाल उठाए गए। लेकिन अधिकारियों ने अधीनस्थों को विभाग की छवि न खराब करने की बात कहकर चुप करा दिया। एनरोफ्लोक्सोसिन के वायल में फंगस और कचरा जमा दिख रहा है। वायल के बेस में ही कचरे के छोटे-छोटे कण साफ नजर आते हैं।

**मेरे पास शिकायत नहीं आई-** अगर किसी दवा या इंजेक्शन में कोई समस्या है तो संबंधित अधिकारी बताएं। जिसने भी सप्लाई की होगी, उस कंपनी से स्पष्टीकरण लेंगे। वैसे तो शिकायत नहीं आई पर किसी बैच में ऐसी समस्या है तो उसकी भी जांच करवाएंगे।

**-डॉ. आरके मेहिया, संचालक, पशुपालन विभाग**

## पुलिस सीसीटीवी में खंगाल रही ऑटो जलाने वालों के सुराग

### सिरफिरों ने सड़क पर खड़े ऑटो में लगाई आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक बार फिर सिरफिरे बदमाशों ने उत्पात मचाया है। सड़क पर खड़े एक ऑटो पर पेट्रोल डालकर उसमें आग लगा दी। जब आग की लपटें दिखीं तो पड़ोसियों ने आगजनी की सूचना दी। घटना देर रात बिरला नगर लाइन नंबर दो हजीरा की है। स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाया और तत्काल पुलिस को सूचना दी।

आग किसने लगाई और क्यों यह पता नहीं चल सका है। ऑटो मालिक का कहना है कि उसकी तो किसी से दुश्मनी तक नहीं है। अब पुलिस घटना स्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुटी है। जिससे आरोपियों का सुराग लग सके। शहर के हजीरा बिरला नगर लाइन नंबर दो निवासी शिवम वर्मा पुत्र प्रभुदयाल वर्मा ऑटो चालक हैं। वह अपनी ऑटो को चलाकर अपना परिवार पालन पोषण करता है। रोज की तरह वह बीती रात भी वह ऑटो चलाकर घर आया था। उसने अपनी ऑटो को दरवाजे पर खड़ा किया और खाना खाकर सो गया। देर रात पड़ोसियों ने बताया कि उसकी ऑटो में आग लग गई है। आग लगने का पता चलते ही शिवम ने पुलिस और दमकल को सूचना देने के साथ ही आग बुझाने में जुट गया, लेकिन आग काफी फैल गई थी। जब तक फायर बिग्रेड पहुंची तब तक ऑटो जलकर राख हो चुका था। पुलिस ने आगजनी की घटना की जांच शुरू कर दी है। आशंका है कि किसी नशेड़ी या सिरफिरे की यह करतूत है।

### किसी से नहीं कोई विवाद

ऑटो चालक शिवम वर्मा ने पुलिस को बताया कि उसकी किसी से भी ऐसी दुश्मनी नहीं है कि वह उसकी रोजी-रोटी का एक मात्र साधन ऑटो को ही जला दे। हालांकि एक दिन पहले शुक्रवार रात को उसकी पड़ोसी से गाड़ी बाहर रखने पर हल्की कहासुनी हुई थी।

## महिला व उसके ससुर के साथ मारपीट

### अपने ससुर को बचाने आई तो लाठिया से पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना।** मुरैना के चिन्नौनी चंबल गांव में दो पक्षों में झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान एक पक्ष के लोगों ने महिला के ससुर के साथ मारपीट की। जब महिला बचाने आई तो उसको भी लाठियों से पीटा। महिला के परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर आए घटना शनिवार की है।

बता दे कि, चिन्नौनी चंबल गांव में एक जगह धार्मिक कार्य चल रहा था। इस मौके पर लोग पंचायत के रूप में बैठे हुए थे। वहां पर दो विरोधी पक्ष के लोग भी बैठे थे। एक पक्ष के लोग दूसरे पक्ष से आम रास्ते में से 10 फीट जगह देने की मांग कर रहे थे। लेकिन सामने वाला पक्ष इसके लिए तैयार नहीं था। इसी बात को लेकर एक पक्ष के लोग जिसमें सौरभ रावत, बंटी मास्टर, सुरेंद्र व जितेंद्र ने चोब सिंह रावत नामक बुजुर्ग का गिरेवान पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट करने लगे। अपने ससुर को पिटता देख उसकी बहू सरोज रावत दौड़कर आई और अपने ससुर को बचाने लगी। वहां मौजूद पीटने वालों ने ससुर को छोड़कर बहू पर हमला बोल दिया और उसे लाठियां से पीटना शुरू कर दिया। इस घटना में बहू सरोज रावत के सिर व हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। सरोज रावत के भतीजे जितेंद्र रावत ने बताया कि घटना के बाद जब वह लोग चिन्नौनी पुलिस थाना पहुंचे तो थाना प्रभारी ने उनकी रिपोर्ट नहीं लिखी और वहां से भगा दिया।



# संपादकीय

## बढ़ाया है मनोबल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यशोभूमि के लोकार्पण और विश्वकर्मा योजना के शुभारम्भ के उपलक्ष्य पर गहरे राजनैतिक निहितार्थ वाला वक्तव्य दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह विशिष्ट कार्यशैली रही है कि अब तक उन्होंने जितने भी लोकार्पण कार्यक्रम किये हैं उन सभी अवसरों पर सर्वप्रथम वह श्रमिकों का सम्मान करते हैं व उनका मनोबल बढ़ाते हैं। यशोभूमि में भी उन्होंने सर्वप्रथम वहां काम करने वाले सभी प्रकार के विश्वकर्मा भाई बहनों से बातचीत की और उनका मनोबल बढ़ाया। प्रधानमंत्री ने अपने कार्यकाल में भारत मंडप और यशोभूमि जैसे सेंटर दिये हैं जो विकसित भारत का स्वप्न तो पूरा करेंगे ही साथ ही आगामी समय में लाखों युवाओं के लिए रोजगार के वाहक बनेंगे। दोनों ही केन्द्रों पर विश्व भर के लोग अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों, बैठकों और प्रदर्शनियों के लिए आएंगे इससे लाखों युवाओं को रोजगार और पारंपरिक कारीगरों व शिल्पकारों को भी काम मिलेगा। आगामी दिनों में भारत मंडप और यशोभूमि कांफ्रेंस पर्यटन के केंद्र बिंदु बनकर भी उभरने वाले हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में आगामी पर्वों को देखते हुए देशवासियों से लोकल उत्पाद खरीदने का एक बार फिर आग्रह करते हुए कहा कि जिसमें हमारे विश्वकर्मा साथियों की छाप और भारत की मिट्टी की महक हो वही उत्पाद उपयोग करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन के माध्यम से सनातन संस्कृति का भी सन्देश दिया है क्योंकि हिंदू धर्म के आगामी दिनों में जितने भी पर्व व तिथियां आने वाली हैं उसमें जितनी भी छोटी से छोटी सामग्री व उत्पाद प्रयोग में लाए जाते हैं वह सभी वंचित समाज के इन्हीं पारंपरिक कारीगरों व शिल्पकारों की मदद से ही बनाये जाते हैं। एक कालखंड बीच में ऐसा भी आ गया था कि हमारे पारंपरिक कारीगर व शिल्पकार जो उत्पाद बनाते व बेचते थे उस पर चीनी उत्पादों का दबदबा होता जा रहा था और हमारे कारीगर अपनी कला छोड़ने को मजबूर हो रहे थे। नई विश्वकर्मा योजना से ऐसे ही कारीगरों की कला को नया जीवन मिलेगा। यह योजना पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के लिए आचार संहिता लागू करने से पूर्व ही प्रारम्भ कर दी गई है और माना जा रहा है कि इन सभी राज्यों में इस योजना का प्रचार अवश्य किया जाएगा क्योंकि इस योजना के लाभार्थी चुनावी राजनीति को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं।समाज के लाखों पारंपरिक कौशल वाले भाई-बहनों के लिए विश्वकर्मा योजना आशा की नई किरण बनकर आई है। इस योजना के माध्यम से भारत के स्थानीय सामान को वैश्विक बनाने में भी बहुत सहयोग मिलेगा। सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र ने उपस्थित विश्वकर्माओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब बैंक आपको गारंटी नहीं मानता है तो मोदी आपको गारंटी देता है।

### अर्ज किया है..!

*फ़रिश्ते आ कर उन के*
*जिस्म पर ख़ुश्बू लगाते हैं*
*वो बच्चे रेल के डिब्बों में*
*जो झाड़ू लगाते हैं*

*-मुनव्वर राना*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

।। रामकथा।। ।। मानस मंदिर।।
गुजराती से हिंदी अनुवाद

## हमारा देह हमारा मंदिर है....

**शरीर रूपी मंदिर जो है उसकी मूर्ति कौन सी ?...उसकी मूर्ति हमारा प्राण है... जब तक ये है तब तक हम हैं ....प्राण हो तो ही मंदिर है ......मूर्ति प्राण है.... आज की परिस्थिति में ही प्राण वायु नहीं मिलता और आदमी चला जाता है .....**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

### सैर-सपाटा

# पहले नहीं सुना होगा बिहार के इन हिल स्टेशनों का नाम, यहां से दिखता है सुंदर नजारा



हिल स्टेशन की जब बात करें तो सबसे पहले उत्तर भारत की बर्फीली जगहों के नाम ध्यान में आते हैं। बिहार एक ऐसा शहर है जिसे न केवल एक अच्छी जनसंख्या वाला शहर माना जाता है, बल्कि ये शांत और खूबसूरत जगहों से भी घिरा हुआ है। वैसे तो बिहार में काफी मंदिर है। लेकिन इसके अलावा ही यहां पर हिल स्टेशन भी हैं, जिनके बारे में आपको जरूर जानना चाहिए। इन जगहों पर आपको बेहद खूबसूरत नजारे देखने को मिल जाएंगे।

### बिहार के खूबसूरत हिल स्टेशन

#### ◆ 1) ब्रह्मजुनी पहाड़ी

ब्रह्मजुनी पहाड़ी एक ऐसा हिल स्टेशन है, जो आसपास में ऐतिहासिक मंदिरों के लिए जाना जाता है। बिहार का यह हिल स्टेशन गया जिले में है और यह कई गुफाओं का घर है जो अपनी पत्थर की दीवार पर नक्काशी के लिए फेमस हैं। कहा जाता है कि ये वो जगह है, जहां बुद्ध ने 1000 पुजारियों को अपने अग्नि उदेश दिए थे।

#### ◆ 2) रामशिला पहाड़ी

रामशिला पहाड़ी गया के विष्णुपद मंदिरों से लगभग कुछ किलोमीटर की दूरी पर है। ये बिहार के हिल स्टेशनों में से एक है, जिसकी नींव पहाड़ी की चोटी पर है। इस हिल स्टेशन पर आने वाले पर्यटकों को अनगिनत असाधारण पत्थर मूर्तिकार देखने को मिलेंगे। कुछ हिंदू भक्त पितृपक्ष के समय रामशिला पहाड़ी पर आते हैं, यहां वे अपने पूर्वजों को पिंड चढ़ाते हैं।

#### ◆ 3) प्रेतशिला पहाड़ी

बिहार के फेमस हिल स्टेशनों में से एक प्रेतशिला पहाड़ी को ब्रह्म कुंड के नजारे और गया के खूबसूरत शहर की खोज के लिए फेमस है। पहाड़ी के ब्रह्म कुंड झील को फोटोग्राफी के लिए फेमस माना जाता है ।

#### ◆ 4) प्राग बोद्धी

प्रागबोधि को डुंगेश्वरी पहाड़ी के नाम से भी जाना जाता है। ये जगह अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए पर्यटकों को आकर्षित करती है। प्राग बोधी की आकर्षक हरी-भरी घास के मैदान देखने लायक है। अक्टूबर से फरवरी का महीना यहां घूमने लायक है।

#### ◆ 5) गुरपा पीक

छोटे से गांव गुरपा के पास बसे इस हिल स्टेशन को कुक्कुटपदगिरि के नाम से जाना जाता है। बिहार का यह हिल स्टेशन ध्यान के लिए एक अच्छी जगह है।

## Highlights


1. 'Who'll cut my poll ticket?' asks Brij Bhushan, DCW chief reacts
2. Bandh called in B'luru tomorrow over K'taka releasing water to TN
3. Slab caves in due to crowd near Ganesh pandal in Guj, 12 injured
4. B'luru woman hits ATM guard with slippers for calling her aunty
5. Relationship with India is important: Canadian Defence Minister amid tensions
6. World's second-largest Hindu temple to be inaugurated in US

# 'Related to IP, not storytelling': Humans of Bombay clarifies on copyright lawsuit

**MUMBAI, (Agency).** Humans of Bombay (HOB), an Indian storytelling platform, on Sunday, issued a clarification regarding the court plea it filed against another content platform, People of India (POI). HOB said their legal action is not against storytelling but rather aimed at protecting their intellectual property. This clarification follows criticism urging them to drop the lawsuit, citing that HOB itself draws inspiration from a US-based content creator.

"The suit is related to the IP in our posts & not about storytelling at all. We tried to address the issue amicably before approaching the Court, as we believe in protecting our team's hard work," HOB said in an X (formerly Twitter) post.

HOB has accused POI, an Instagram handle, of "completely replicating its business model and even the stories themselves". They further alleged that POI approached the same individuals featured on their websites to create an "imitative platform".




Regarding HOB's copyright infringement suit, the Delhi High Court has issued a summons to the Instagram handle. In the order shared by HOB, the court observed: "Prima facie there is substantial imitation and in fact, in some cases, the photographs/images are identical or imitative."

This clarification came in response to netizens criticising Humans of Bombay that they themselves have been themed on the US-based Humans of New York while pursuing copyright infringement against People of India.

Even Brandon Stanton, the founder of Humans of New York, joined the discussion. He expressed his disappointment in an X post on Saturday, saying that he had refrained from commenting on the appropriation of his work. He said that Humans of Bombay shares important stories but questioned their decision to sue another storytelling platform for something he had forgiven them for.

# Dabur's Burman family to raise stake in Religare via ₹2,116 crore open offer

**MUMBAI, (Agency).** The Burman family, which holds a controlling stake in Dabur, made an open offer on Monday for an additional 26% stake in financial services company Religare for up to ₹2,116 crore ($255.03 million), according to a filing.

The Burmans, already the largest shareholder in Religare Enterprises with a 21% stake, intend to take control of the financial services company



once the open offer is concluded, the offer document showed.

"The proposed transaction is in line with our vision to create a leading financial services platform that encompasses lending, broking and health insurance services," Dabur India Chairman Emeritus Anand Burman said in a statement.

The Burmans reserve the right to appoint directors to the board of Religare and require the company to implement changes in the management structure as determined by its board.

They intend to acquire more than 90 million shares at 235 rupees per share, according to the document.

Religare shares were down 1.6% in early trading. They last closed at 271.55 rupees.

New Delhi

# यूपी-बिहार से गुजरात तक बारिश, अब नहीं तपाएगी गरमी!

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली, यूपी और उत्तर भारत के बड़े हिस्से में अब तापमान में कमी आने लगी है। वहीं मॉनसून की भी अभी वापसी नहीं हुई है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटे में बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, गुजरात और उप हिमालयी पश्चिम बंगाल में भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा मध्य प्रदेश के ही कई जिलों में भारी बारिश की संभावना है। बता दें कि इस बार लगातार 13वां ऐसा साल है जब कि मॉनसून की वापसी में देर हो रही है। 27 सितंबर तक मॉनसून वापस जा सकता है।

मौसम विभाग के मुताबिक बिहार, झारखंड, अंडमान निकोबार, गोवा, गुजरात और उत्तरी आंतरिक कर्नाटक में भारी बारिश की संभावना है। वहीं उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पूर्वी राजस्थान, मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, सिक्किम, ओडिशा, असम, नगालैंड, मणिपुर, महाराष्ट्र, तेलंगाना और केरल में हल्की से लेकर



मध्य बारिश हो सकती है।

राजधानी दिल्ली में इन दिनों बादलों की आवाजाही लगी रहती है। हवा की स्पीड की वजह से तापमान में कमी आई है। मौसम विभाग का कहना है कि फिलहाल मौसम ऐसा ही बना रहेगा। दिल्ली एनसीआर में ज्यादा बारिश की उम्मीद नहीं है लेकिन तापमान में कमी जारी रहेगी। कुछ जगहों पर बूंदाबांदी हो भी सकती है। दिल्ली में तापमान में दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है।

मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई है। इसके अलावा राजधानी लखनऊ समेत बड़े क्षेत्र में बादल छाए रहेंगे। बात करें बिहार की तो पूर्णिया, किशनगंज, अररिया और सुपौल में सोमवार को भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं बिहार के बाकी हिस्से में बारिश की ज्यादा संभावना नहीं है ऐसे में तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है।

New Delhi

## दिल्ली के मंगोलपुरी में बेकाबू कार का कहर, 4 वाहनों को मारी टक्कर, 6 लोगों को कुचला

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में रविवार शाम बेलगाम कार ने चार वाहनों को टक्कर मार दी। कार की चपेट में ऑटो, ई-रिक्शा, बाइक और साइकिल सवार भी आ गए, जिससे करीब छह लोग घायल हो गए। दो लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है, जबकि अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। उधर दुर्घटना के बाद मौके से भागने का प्रयास कर रहे आरोपी कार चालक को लोगों ने धर दबोचा और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने कार जब्त कर ली है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आशंका जताई जा रही है कि हादसे के वक्त आरोपी कार चालक नशे में था। हालांकि, उसका मेडिकल कराने के बाद ही इसकी पुष्टि हो पाएगी। यह हादसा रविवार शाम को बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी के एक्स ब्लॉक में हुआ।

रविवार शाम पुलिस को मंगोलपुरी थाने के पास ही एक बेलगाम कार से दुर्घटना होने की कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि एक कार ने चार वाहनों को टक्कर मारी है, जबकि कार का भी आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

Uttarpradesh

## अतिक्रमण हटाने गई टीम पर हमला, दयालबाग सत्संग पीठ के लोगों ने की पत्थरबाजी

**आगरा, (एजेंसी) यूपी के आगरा में सरकारी जमीन से हुए कब्जे को हटाने गई पुलिस और प्रशासन की टीम पर लोगों ने हमला कर दिया. घटना न्यू आगरा क्षेत्र के दयालबाग सत्संग पीठ की है. यहां पर सत्संगियों ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर रखा है. पहले भी अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई कर इस कब्जे को हटवा दिया गया था.**

मगर, दयालबाग सत्संग पीठ से लोगों ने फिर से कब्जा जमा लिया था. इसी को हटवाने के आज पुलिस और प्रशासन की टीम पहुंची थी. तभी सत्संगियों द्वारा टीम पर पत्थरबाजी की गई. इस दौरान कई अधिकारी घायल हुए हैं. कुछ पत्रकारों को भी चोट लगी है.

Uttarakhand

## सुबह-सुबह भूकंप के झटकों से डोली धरती, रिक्टर स्केल पर 3.0 रही तीव्रता, मोरी ब्लॉक रहा केंद्र

**देहरादून, (एजेंसी) उत्तरकाशी जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में सोमवार आज सुबह 8:35 बजे भूकंप के झटके महसूस किया गया। हालांकि भूकंप से किसी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है।**

जिला आपदा प्रबंधन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.0 मापी गई है।

भूकंप का केंद्र हिमाचल राज्य से लगे मोरी ब्लॉक के कोठीगाड रेंज में जमीन से पांच किमी नीचे था। बता दें वर्ष 1991 के विनाशकारी भूकंप के बाद से अब तक




जनपद में 70 से अधिक भूकंप के झटके आ चुके हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र की ओर से भूकंप के पुष्टि की गई।

इससे पहले भी उत्तरकाशी में भूकंप के झटकों से धरती डोली है। बीते 29 अगस्त को भी यहां 2.8 तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस किया गया था। तब भूकंप का केंद्र बड़कोट स्यालना के जंगलों में जमीन से पांच किमी नीचे था।

खेल

# Asian Games 2023: शूटिंग में मिला देश को पहला स्वर्ण, भारतीय तिकड़ी ने विश्व रिकॉर्ड तोड़ रचा इतिहास

**हांगझोऊ, (एजेंसी) एशियाई खेल 2023 में भारत को पहला स्वर्ण पदक शूटिंग टीम ने दिलाया है। एशियाई खेलों का आधिकारिक आगाज होने के बाद दूसरे दिन देश को पहला स्वर्ण पदक मिला है। पहले दिन भारतीय खिलाड़ियों ने पांच पदक जीते थे, लेकिन स्वर्ण पदक की तालिका खाली थी। शूटिंग टीम ने सोमवार को स्वर्णिम शुरुआत करते हुए इवेंट में देश को पहला पदक दिलाया और विश्व रिकॉर्ड भी बना दिया।**

पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम में रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल, दिव्यांश सिंह पंवार और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर शामिल थे। भारतीय तिकड़ी ने हांगझोऊ




में इतिहास रच दिया। व्यक्तिगत क्वालिफिकेशन राउंड में भारतीय तिकड़ी ने कुल 1893.7 का स्कोर किया और विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। इससे पहले शूटिंग टीम स्पर्धा में सबसे बड़ा स्कोर चीन के नाम था। चीन के खिलाड़ियों ने पिछले महीने बाकू विश्व चैम्पियनशिप में 1893.3 का स्कोर हासिल किया था। भारतीय टीम ने चीन से 0.4 अंक ज्यादा हासिल किए हैं।

भारतीय निशानेबाजों के कमाल के बाद चीन को एशियाई रिकॉर्ड और गेम्स रिकॉर्ड चार्ट पर भी अपना स्थान गंवाना पड़ा है। अब टीम इंडिया का नाम इतिहास और रिकॉर्ड बुक में दर्ज हो गया है।

क्वालीफिकेशन में तीसरे स्थान पर रहे रुद्राक्ष 632.5 अंक के साथ टीम के सबसे अहम खिलाड़ी रहे। ऐश्वर्य 631.6 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे। वहीं, दिव्यांश ने 629.6 का स्कोर हासिल किया। वह कजाकिस्तान के इस्लाम सतपायेव की तुलना में अधिक इनर 10 के कारण कट हासिल करने में सफल रहे। सभी तीन भारतीय निशानेबाज फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुके थे, लेकिन नियम के अनुसार एक देश के दो ही खिलाड़ी फाइनल में भाग ले सकते हैं। ऐसे में दिव्यांश को बाहर होना पड़ा। फाइनल में ऐश्वर्य ने कांस्य पदक जीतकर देश की झोली में एक और मेडल डाल दिया।

सिनेमा

## राघव संग परिणीति, वेडिंग रिसेप्शन की तस्वीर आई सामने, फैन्स बोले- बधाई हो



...आखिर वो दिन आ ही गया, जिसका हर किसी को बेसब्री से इंतजार था. बॉलीवुड की टैलेंटेड और गॉर्जियस एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा मिस से मिसेज बन चुकी हैं. परिणीति, AAP नेता राघव चड्ढा संग सात फेरे लेकर हमेशा के लिए उनकी हो गई हैं. दोनों ने उदयपुर में शाही अंदाज में शादी रचाई है. कपल की यह ड्रीम वेडिंग उदयपुर के द लीला पैलेस में हुई है. हर तरफ जश्न का माहौल बना हुआ है. दोनों की शादी के बाद पहली तस्वीर भी सामने आ गई है.

बधाई हो, परिणीति चोपड़ा औऱ राघव चड्ढा शादी के बंधन में बंध चुके हैं. शादी की पहली तस्वीर भी देर रात सामने आ गई है. इससे पहले राघव और परिणीति की रिसेप्शन पार्टी की फर्स्ट फोटो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई. इसमें वह परिणीति ने राघव के नाम का सिंदूर लगाया हुआ है. गले में मंगलसूत्र, हाथों में पिंक चूड़ा और मेंहदी दिख रही है. ब्लैक सूट-बूट में राघव काफी हैंडसम नजर आ रहे हैं.

इसी के साथ राघव की बारात का भी एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह ऑफ व्हाइट शेरवानी और पगड़ी में दिख रहे हैं.

# दुकान में घुसे चोर, गल्ले से नकदी ले उड़े

## दिनदहाड़े सूने मकान में भी चोरी की वारदात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एमजी रोड इलाके नावेल्टी मार्केट में एक दुकान का शटर उचकाकर घुसे चोर गल्ले में रखे हजारों रुपए नकदी चुरा ले गए। वहीं खुड़ैल इलाके में दिनदहाड़े घर से नकदी और जेवरात चोरी हो गए।**

पुलिस के मुताबिक शनिवार की रात चोरी की वारदात नॉवेल्टी मार्केट में सिद्धि विनायक काम्प्लेक्स में शॉप नंबर-2 में हुई। आशीष पिता मोहन मालवीय निवासी सिख मोहल्ला की रिपोर्ट पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। उन्होंने पुलिस को बताया कि सुबह जब दुकान पर पहुंचे तो पता चला कि अज्ञात बदमाश ने दुकान का शटर उचका दिया था। भीतर देखा तो पता चला कि गल्ले में रखे नकदी रुपए गायब हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच और आरोपी की तलाश में जुट गई है।

इसी प्रकार खुड़ैल पुलिस ने बताया कि चोरी की वारदात फरियादी शत्रुघ्न पिता रामकृपाल कुशवाह निवासी ग्राम देवगुराडिया के सूने मकान में 21 सितंबर को सुबह 10 से शाम 4.30 बजे के बीच हुई। उन्होंने बताया कि घटना दिनांक व समय पर अज्ञात बदमाश घर का ताला तोडकर भीतर घुसा और सूटकेस का ताला तोडकर उसमें रखे 25 हजार रुपए, सोने के झुमके, पैंडल और चांदी की पायजेब चुरा ले गया। इधर थाना जूनी इंदौर पुलिस ने बताया कि अली अकबर पिता मोहम्मद हुसैन निवासी मधुरम अपार्टमेंट खातीवाला टैंक की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि अज्ञात चोर मल्टी का लोहे का मेन गेट (40 किलो वजनी) चुरा ले गया।

### नौकरानी ने चुरा ली डायमंड रिंग, केस दर्ज

वहीं तुकोगंज पुलिस ने डायमंड रिंग चोरी के मामले में नौकरानी के खिलाफ केस दर्ज किया है। अशोक पिता कन्हैयालाल खाजगी वाला निवासी कंचनबाग साउथ तुकोगंज की शिकायत पर उनकी नौकरानी भावना के खिलाफ संदेह के आधार पर प्रकरण दर्ज किया गया है। फरियादी बड़े कारोबारी है । उनके घर में रखी डायमंड की चूडियां चोरी हो गई थी। उन्होंने नौकरानी पर संदेह जताते हुए पुलिस में शिकायत की । नौकरानी ने अचानक काम पर भी आना बंद कर दिया।

# नशीली टेबलेट के साथ पकड़ाए

## ◆ गुंडे शुभम नेपाली का खास साथी है आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। द्वारकापुरी पुलिस ने गुंडे शुभम नेपाली के खास साथी रेवाराम और एक अन्य को नशीली टेबलेट्स के साथ बंदी बनाया है। रेवाराम एक हत्या के केस में भी लिप्त रहा है। पिछले दिनों थाना क्षेत्र में नशे के कारोबार को लेकर हुए हवाई फायर और विवाद के बाद अब पुलिस इलाके में नशे के सौदागरों पर शिकंजा कस रही है। इसी कड़ी में पूर्व में नशे का कारोबार करने वाले शुभम नेपाली और महेश टोपी को साथियों सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।**

पुलिस ने द्वारकापुरी इलाके में नशे के कारोबारियों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। मुखबिरों को नशे के सौदागरों के बारे में सूचना दे रहे हैं। ऐसी ही एक सूचना पर पुलिस ने रेवाराम उर्फ गुड्डा भंवर निवासी अहीरखेडी व विराम पाटोले, बृजविहार कालोनी को नशीली टेबलेट्स के साथ बंदी बनाया है। पुलिस ने आरोपी रेवाराम के पास से अल्प्राजोलम के 45 स्ट्रिप्स कुल 650 नग टेबलेट एवं इसके साथी विराम पाटोले से अल्प्राजोलम के 45 स्ट्रिप्स कुल 575 नग टेबलेट बरामद की हैं। आरोपियों ने ये टेबलेट एक मेडिकल स्टोर्स से खरीदने की बात कबूली है। पुलिस अब मेडिकल स्टोर्स संचालक के खिलाफ भी केस दर्ज करेगी। आरोपी रेवाराम चर्चित काकाणी हत्याकांड के आरोपी शुभम नेपाली का साथी हैं जो शुभम नेपाली के जेल जाने पर उसकी गैंग का लीडर बनकर अवैध नशे का धंधा कर रहा था।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

## गुजरात के स्पा कंपनी के मालिक ने खुद को बताया था कुंवारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। गुजरात के स्पा कंपनी के मालिक पर युवती ने दुष्कर्म का केस दर्ज कराया है। युवती का आरोप है कि मालिक ने खुद को कुंवारा बताया और शादी का झांसा देकर उसकी अस्मत से खिलवाड़ किया। बाद में पता चला कि वह तो शादीशुदा है।**

मामला लसूड़िया इलाके का है। पुलिस ने 23 वर्षीय पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी विजय पारगी निवासी मोरवी गुजरात के खिलाफ केस दर्ज किया गया। घटना एक जून को लसूड़िया इलाके में एक होटल में हुई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह अपनी सहेली के साथ गुजरात गई थी। वहां उसे एक स्पा कंपनी में जॉब मिल गई थी। आरोपी ने उसे शादी करने का झांसा दिया और घटना दिनांक को उसे होटल में लेकर पहुंचा और बलात्कार किया। बाद में उसने शादी करने से इनकार कर दिया। फिर सहेली से पता चला कि आरोपी तो पहले से ही शादीशुदा हैं। जब उसने आरोपी से कहा कि तुमने झूठ बोला तो उसने जान से मारने की धमकी दी।

### दो पक्षों में विवाद

**इंदौर।** पीर गली में कमरा खाली करने को लेकर दो पक्षों में विवाद और मारपीट हो गई। एमजी रोड पुलिस के मुताबिक फरियादी मो. शरीफ मंसूरी की रिपोर्ट पर आरोपी युसूफ उर्फ मुन्ना, जफर उर्फ छोटा और अमरीन के खिलाफ केस दर्ज किया गया। दूसरी ओर से मो. यूसुफ खान उर्फ मुन्ना की रिपोर्ट पर आरोपी शरीफ मंसूर, शिव मंसूरी निवासी पीर गली, सुल्तान मंसूरी और फमीदा मंसूरी निवासी माणिक बाग रोड पर केस दर्ज किया गया। दोनों पक्षों के बीच कमरा खाली करने को लेकर विवाद हो गया था और मारपीट भी हुई।

# महिला की मौत में पति और ससुर पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। महिला द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी करने के मामले में पुलिस ने उसके पति और ससुर पर केस दर्ज किया है। जांच में पुलिस को पता चला कि दोनों की प्रताड़ना से तंग आकर उसने आत्महत्या की थी। द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक सांईबाबा नगर में रहने वाली रानू पति आनंद यादव (26) ने गत 23 अगस्त को ससुराल में फांसी लगाकर जान दे दी थी। मर्ग जांच में पुलिस ने पाया कि उसे पति आनंद यादव और ससुर राजेंद्र यादव छोटे-छोटे काम को लेकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताडित करते थे। उसे अपने परिजन से मोबाइल पर बात नहीं करने देते थे। इसी से परेशान होकर रानू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। अभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

### कोर्ट परिसर में धमकाया

दंपति के बीच कोर्ट में चल रहे प्रकरण में राजीनामे न करने की बात को लेकर आरोपी ने महिला को जान से मारने की धमकी दी। एमजी रोड पुलिस ने बताया कि डॉली पति राहुल वडनेरे निवासी रामचंद्र नगर की रिपोर्ट पर आरोपी राहुल निवासी परस्पर नगर के खिलाफ केस दर्ज किया गया। घटना जिला न्यायालय कोर्ट रूम नंबर 12 के बाहर प्रांगण में हुई। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उसे कोर्ट में चल रहे केस में राजीनामा करने को कहा। मना करने पर उसे गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी।

### दहेज के लिए सताया

महिला से दहेज की मांग कर ससुराल वालों ने सताया तो तंग आकर महिला ने पुलिस में केस दर्ज करा दिया। महिला थाने में सबा खान, गीता नगर की रिपोर्ट पर वसीम खान, परवीन, अख्तर खान, गीता नगर के खिलाफ दहेज का केस दर्ज किया है। महिला के साथ मारपीट करते हुए उसे घर से बेदखल कर दिया। छोटी-छोटी बातों पर उसे तंग कर रहे थे। पुलिस मामले मं जांच कर रही है।

### पति ने जमकर पीटा कमरे में बंद किया

इंदौर। एक महिला के साथ उसके पति ने पारिवारिक विवाद में बुरी तरह मारपीट की और कमरे में बंद कर ताला लगा दिया। जैसे-तैसे उसने मायके वालों को खबर की और पुलिस की शरण ली। हीरानगर पुलिस के मुताबिक मारपीट की घटना सुखलिया में रहने वाली सोनिया पति आशीष वर्मा निवासी सुखलिया के साथ उसके ससुराल जावरा (रतलाम) में हुई। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी पति आशीष वर्मा निवासी गौतम विहार कॉलोनी जावरा पर केस दर्ज किया गया। महिला ने पुलिस को बताया कि पति घर की छोटी-छोटी बातों को लेकर लडाई करता है और मारपीट करता है। 23 मई को पति ने उसे गालियां दीं और कमरे में बंद कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह उसने मायके वालों को सूचना दी तो वह उसे यहां ले आए । पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

### सिरफिरे ने की एंबुलेंस में तोडफोड़

**इंदौर।** राऊ इलाके में एक अस्पताल के नजदीक खाली प्लॉट पर खड़ी एंबुलेंस में एक सिरफिरे ने तोडफोड़ कर दी। मामला कमल नगर का है । यहां स्थित मुल्तानी अस्पताल के कर्मचारी सोमिल पिता संजय अगस्टिन की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बने सिंह निवासी नर्मदा ग्राउंड कमल नगर राऊ के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। सोमिल ने पुलिस को बताया कि बने सिंह हाथ में दराता लिए वहां आया और आपत्ति लि कि उसके प्लॉट पर एंबुलेंस क्यों खड़ी की गई है। उसे हटाया जाए, वह लगातार अपशब्द कह रहा था। सोमिल अस्पताल में गया तो आरोपी भी वहां पहुंच गया।

### दो लाख की अवैध शराब के साथ पकड़ाए

**इंदौर।** पुलिस ने दो लाख की अवैध शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली थी। इस पर टीम ने भंवरकुआं चौराहे के समीप आरोपियों को दबोच लिया। इनके पास से 33 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई।पकड़े गए आरोपियों के नाम सुनेर पिता कमल परिहार निवासी हातोद और अंकित पिता शंकर लाल परमार निवासी एरोड्रम हैं।

जनसमस्याओं और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को उजागर करने वाले साहसी, कर्मठ साथियो की दैनिक अखबार और न्यूज़ चैनल में आवश्यकता है...जो लेखनी और भाषा का दक्ष हो।
इच्छुक व्यक्तित्व संपर्क करें -
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
YouTube Detective Group Report
SUBSCRIBE
समाचार और बिज्ञापन के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।